भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 2658
16 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के उप-घटक**

2658. श्री तंगेला उदय श्रीनिवास:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत राज्य-आधारित अथवा एजेंसी-आधारित और प्रस्ताव-आधारित उप-घटकों में विशिष्ट अवसंरचना परियोजनाएँ शुरू की गई हैं;

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा प्राप्त और स्वीकृत परियोजना प्रस्तावों की संख्या कितनी है और कितनी परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं तथा प्रत्येक परियोजना के लिए आवंटित और जारी की गई धनराशि का राज्य-वार और आंध्र प्रदेश तथा काकीनाडा जिले सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमएमएसवाई के लाभार्थी-आधारित उप-घटकों जैसे मछली पकड़ने वाले जहाजों का बीमा और मछुआरों का बीमा के अंतर्गत लाभान्वित हुए लाभार्थियों की संख्या, राज्य-वार और आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले सहित जिला-वार कितनी है; और

(घ) क्या काकीनाडा सहित आंध्र प्रदेश से आनुवंशिक सुधार कार्यक्रमों, न्यूक्लियस प्रजनन केंद्रों (एनबीसी) और जैव सुरक्षा के लिए चारदीवारी/बाड़ लगाने के अवसंरचना के लिए पीएमएमएसवाई के अंतर्गत कोई विशिष्ट परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उन्हें मंजूरी दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) और (ख): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) अन्य बातों के साथ-साथ मात्स्यिकी और जलीय कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के निर्माण पर केंद्रित है। PMMSY के तहत सहायता प्राप्त फिशरीज़ इंफ्रास्ट्रक्चर में मुख्य रूप से फिशिंग हार्बर और फिश लैंडिंग सेंटर्स, आइस प्लांट, कोल्ड स्टोरेज, होलसेल और रिटेल दोनों तरह के फिश मार्केट, इंटीग्रेटेड एक्वापार्क, फीड मिल, हैचरी, ब्रूड बैंक, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर, क्लाइमेट रेसीलिएंट कोस्टल फिशिंग विलेज (CRCFV), आर्टिफिशियल रीफ आदि शामिल हैं। मत्स्यपालन विभाग भारत सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत इन इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विकास के लिए अलग-अलग राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के 7501 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी है। आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि विगत तीन वर्षों में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत कुल 1330.11 करोड़ रुपए की लागत से 3 फिशिंग हार्बर और 3 फिश लैंडिंग सेंटर, एक इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क, 22 यूनिट- आर्टिफिशियल रीफ और 15-क्लाइमेट रेसीलिएंट कोस्टल फिशरमेन विलेज (CRCFV) को स्वीकृति दी गई है।

आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि 22 आर्टिफिशियल रीफ यूनिट लगाने का काम पूरा हो गया है और शेष परियोजनाएं कार्यान्वियन के विभिन्न चरणों में हैं। आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा रिपोर्ट की गई PMMSY के तहत आंध्र प्रदेश में विकास के लिए अनुमोदित फिशरीस इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का जिला-वार और वर्ष-वार विवरण अनुबंध- I में प्रस्तुत किया गया है।

(ग): मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार भी मछुआरों, मत्स्य किसानों और मत्स्य श्रमिकों आदि की सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च महत्व देता है। विगत तीन वर्षों के दौरान,1,03,47716 मछुआरों और मत्स्य किसानों को बीमा कवरेज प्रदान किया गया है जिसमें प्रति वर्ष औसतन 34,49,238 मछुआरों शामिल रहे हैं। आंध्र प्रदेश सरकार ने विगत तीन वर्षों (वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25) के दौरान PMMSY की बीमा गतिविधियों में भाग नहीं लिया था। मछुआरों और मत्स्य किसानों को प्रदान किए गए बीमा कवर का राज्य-वार और वर्ष-वार विवरण अनुबंध- II में दिया गया है।

(घ): आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत (i) आनुवंशिक सुधार कार्यक्रम/ जेनेटिक इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम, (ii) न्यूक्लियस ब्रीडिंग केंद्र (एनबीसी) और (iii) जैव सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल/फेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी कोई विशिष्ट परियोजना प्रस्तावित/शुरू नहीं की गई है ।

*****

**अनुबंध- I**

**PMMSY के उप-घटक के संबंध में 16 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए माननीय सांसद सदस्य लोकसभा श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2658 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण: प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आंध्र प्रदेश के लिए विगत तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25) के दौरान स्वीकृत किए गए फिशरीज़ इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का ज़िलेवार और वर्षवार विवरण।**

| क्रम.सं | स्वीकृति वर्ष | घटक | ज़िला | आबंटित फंड करोड़ रुपए में | जारी की गई फंड करोड़ रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | पुदिमदका में फिशिंग हार्बर | अनकापल्ली | 365.81 | 160.00 |
| 2 | 2022-23 | बुडगटलापलेम में फिशिंग हार्बर | श्रीकाकुलम | 392.53 | |
| 3 | 2022-23 | कोठापट्टनम में फिशिंग हार्बर | प्रकाशम | 392.45 | |
| 4 | 2022-23 | रायदारुवु में फिश लैंडिंग सेन्टर | तिरुपति | 23.9 | 30.05 |
| 5 | 2022-23<br>2022-23 | उप्पलंका में फिश लैंडिंग सेन्टर | काकीनाडा | 5.74 | |
| 6 | 2022-23 | डोंडावाका में फिश लैंडिंग सेन्टर | अनकापल्ली | 23.9 | |
| 7 | 2022-23 | एकीकृत एक्वा पार्क | बापतला | 88.08 | 7.70 |
| 8 | 2023-24 | आर्टिफ़िशियल रीफ़्स- 22 यूनिट्स | श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम | 7.70 | 7.70 |
| 9 | 2024-25 | CRCFV - पेदागंगल्लापेटा | श्रीकाकुलम | 2.00 | 6.10 |
| 10 | | CRCFV - देवुनलथड़ा | श्रीकाकुलम | 2.00 | |
| 11 | | CRCFV - इड्डीवानीपालेम | श्रीकाकुलम | 2.00 | |
| 12 | | CRCFV - पी.बैरिपेटा | विजयनगरम | 2.00 | |
| 13 | | CRCFV - पेडाउपपाड़ा | विशाखापत्तनम | 2.00 | |
| 14 | | CRCFV - पेंटाकोटा | अनकापल्ली | 2.00 | |
| 15 | | CRCFV - कोनापापापेटा | काकीनाडा | 2.00 | |
| 16 | | CRCFV - सोरलगोंधी | कृष्णा | 2.00 | |
| 17 | | सीआरसीएफवी- गुल्लालमोढ़ा | कृष्णा | 2.00 | |
| 18 | | CRCFV -आदिवी | बापतला | 2.00 | |
| 19 | | CRCFV -गोंडीसमुद्रम | बापतला | 2.00 | |
| 20 | | CRCFV - के.पल्लीपालेम | प्रकाशम | 2.00 | |
| 21 | | CRCFV- एडुरूपट्टापुपलेम | नेल्लोर | 2.00 | |
| 22 | | CRCFV- थटिकेतलापलेम | नेल्लोर | 2.00 | |
| 23 | | सीआरसीएफवी-थुपिलिपलेम | तिरुपति | 2.00 | |
| | | | **कुल** | **1330.11** | **211.55** |

**CRCFV : क्लाइमेट रेसिलिएंट कोस्टल फिशिंग विलेजस**

*****

**अनुबंध- II**

**PMMSY के उप-घटक के संबंध में 16 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए माननीय सांसद सदस्य लोकसभा श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2658 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण: विगत तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25) के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछुआरों को दिए गए बीमा कवर का राज्यवार और वर्षवार विवरण**

| क्र.सं | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम | PMMSY के तहत बीमित मछुआरों की वर्ष-वार संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | = | = | - | - |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 837 | 1,082 | 837 | 2756 |
| 3 | असम | 155,000 | 180,378 | 193,265 | 528643 |
| 4 | बिहार | 150,000 | 150,000 | 150,000 | 450000 |
| 5 | छत्तीसगढ | 220,495 | 220,495 | 220,525 | 661515 |
| 6 | गोवा | 4,061 | 3,461 | 3,518 | 11040 |
| 7 | गुजरात | 99,964 | 130,000 | 110,000 | 339964 |
| 8 | हरियाणा | 1,814 | 1,214 | 1,750 | 4778 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 11,874 | 9,530 | 9,526 | 30930 |
| 10 | झारखंड | 164,000 | 165,000 | 173,941 | 502941 |
| 11 | कर्नाटक | 78,983 | 80,099 | 80,099 | 239181 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 117,499 | 128,173 | 130,810 | 376482 |
| 13 | महाराष्ट्र | 100,739 | 76,246 | 114,174 | 291159 |
| 14 | मणिपुर | 3,383 | | 1,268 | 4651 |
| 15 | मेघालय | 1,013 | 1,022 | 1,022 | 3057 |
| 16 | ओडिशा | 1,150,000 | 1,111,761 | 1,131,857 | 3393618 |
| 17 | पंजाब | 3,120 | 3,256 | 3,116 | 9492 |
| 18 | राजस्थान | 4,857 | 4,856 | 4,862 | 14575 |
| 19 | सिक्किम | 599 | 491 | 633 | 1723 |
| 20 | तमिलनाडु | 543,949 | 558,966 | 573,183 | 1676098 |
| 21 | तेलंगाना | 306,857 | 373,000 | 416,000 | 1095857 |
| 22 | त्रिपुरा | 7,085 | 8,980 | 50,000 | 66065 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | 102,850 | 119,181 | 150,000 | 372031 |
| 24 | उत्तराखंड | 2,101 | 3,531 | 5,147 | 10779 |
| 25 | पश्चिम बंगाल | 8,499 | | | 8499 |
| 26 | अंडमान और निकोबार | 14,000 | 14,330 | 11,507 | 39837 |
| 27 | दिल्ली | 251 | 386 | 494 | 1131 |
| 28 | दमन और दीव | 7,447 | 7,514 | 7,824 | 22785 |
| 29 | जम्मू और कश्मीर | 23,026 | 25,737 | 28,301 | 77064 |
| 30 | लक्षद्वीप | 49 | 93 | 76 | 218 |
| 31 | लद्दाख | 2,307 | 2,520 | 2,863 | 7690 |
| 32 | पुदुच्चेरी | 34,200 | 34,349 | 34,608 | 103157 |
| | **कुल योग** | **3,320,859** | **3,415,651** | **3,611,206** | **10,347,716** |

*****